कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर (छ0ग0)

शुद्धि पत्र (Corrigendum) /सूचना पत्र

क्रमांक– क/चयन समिति/2024 बिलासपुर, दिनांक 16 अप्रैल, 2024

जिला स्थापना बिलासपुर के अंतर्गत कोर्ट मैनेजर के अमले हेतु संविदा पद हेतु भर्ती के संबंध में विज्ञापन क0 – 2517/चयन समिति/2023, बिलासपुर, दिनांक 14 जुलाई 2023 के तहत परीक्षा तिथि दिनांक 20.04.2024 तय की गई थी, और अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र भी जारी किये गये थे किन्तु दिनांक 20.04.2024 को न्यायिक अधिकारियों की ट्रेनिंग आयोजित होने के कारण उक्त तिथि दिनांक 20.04.2024 में परिवर्तन करते हुए कौशल /दक्षता परीक्षा की तिथि 28.04.2024 नियत की गई है और कौशल/ दक्षता परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को पुनः प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं इसलिए पूर्व में जारी किये गये प्रवेश पत्रों को निरस्त समझा जावे।

सहायक ग्रेड–03 के एक संविदा पद हेतु दिनांक 09.04.2024 को 1:10 के संबंध में सूची तैयार करने के पूर्व फिल्टर करते समय स्नातक परीक्षा के प्राप्तांक के संबंध में प्रावीण्य सूची में त्रुटि होने से उक्त 1:10 की सूची को निरस्त करते हुए सहायक ग्रेड –03 के एक पद संविदा हेतु नवीन प्रावीण्य सूची प्रकाशित की जा रही है तथा उक्त पद की परीक्षा तिथि अन्य पदों के साथ दिनांक 28.04.2024 को नियत की गई है।

सहायक ग्रेड –03 के एक पद संविदा हेतु नवीन प्रकाशित सूची के संबंध में दावा आपत्ति यदि कोई हो तो संबंधित अभ्यर्थी दिनांक 18–04–2024 से 19–04–2024 तक कार्यालयीन समय प्रातः 10:30 बजे से सायंकाल 05:30 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है, उक्त अवधि के उपरांत कोई दावा आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

सही/–
(राजभान सिंह)
अध्यक्ष
चयन समिति
कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बिलासपुर (छ0ग0)